# CS (MAIN) EXAM, 2010

**Sl. No.** 616 **C–DTN–K–QTA**

# PSYCHOLOGY

## Paper—I

| Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 300 |
|---|---|

## INSTRUCTIONS

*Each question is printed both in Hindi and in English.*

*Answers must be written in the medium specified in the Admission Certificate issued to you, which must be stated clearly on the cover of the answer-book in the space provided for the purpose. No marks will be given for the answers written in a medium other than that specified in the Admission Certificate.*

*Candidates should attempt Question Nos.* ***1*** *and* ***5*** *which are compulsory, and any* ***three*** *of the remaining questions selecting at least* ***one*** *question from each Section.*

*The number of marks carried by each question is indicated at the end of the question.*

**ध्यान दें :** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस प्रश्न-पत्र के पिछले पृष्ठ पर छपा है।

## Section—A

1. Answer the following, each in not more than *100* words :

   *(a)* Under what conditions would a researcher prefer to use focused group discussion over interviewing? 10

   *(b)* In what ways does an experimental design differ from a quasi-experimental design? 10

   *(c)* What is REM sleep and how is it related to dreaming? 10

   *(d)* How would you process information for maintaining it for long-term usage? 10

   *(e)* What are the stages of cognitive development according to Piaget? 10

   *(f)* What is sensory adaptation? Explain with examples. 10

## खण्ड—क

**1.** निम्नलिखित के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक *100* से अधिक शब्दों में न हो :

(क) किन परिस्थितियों में अनुसन्धानकर्ता साक्षात्कार के मुकाबले विषय-केन्द्रित समूह चर्चा का इस्तेमाल करने को तरजीह देगा? 10

(ख) एक प्रयोगात्मक अभिकल्प एक परीक्षण-सदृश अभिकल्प से किस प्रकार से भिन्न है? 10

(ग) रेम (REM) निद्रा क्या होती है और वह स्वप्नन से किस प्रकार सम्बन्धित है? 10

(घ) सूचना के दीर्घकालिक उपयोग हेतु उसका अनुरक्षण करने के लिए आप उसका प्रक्रमण किस प्रकार करेंगे? 10

(ङ) पियागेट (Piaget) के अनुसार संज्ञानात्मक विकास की क्या-क्या अवस्थाएँ होती हैं? 10

(च) संवेदी अनुकूलन क्या होता है? उदाहरण देते हुए स्पष्ट कीजिए। 10

2. *(a)* Discuss the role of monocular and binocular cues in depth perception. 20

*(b)* You are the head of an office in which employees habitually come late and leave early. Suggest a behaviour modification plan for such employees. 20

*(c)* Briefly suggest how well-being of the elderly can be promoted. 10

*(d)* Comment on the impact of immediate and delayed reinforcement on learning. 10

3. *(a)* What are the problems a researcher is likely to face in making causal inferences if the researcher were to use a single-group pre-test–post-test design? 30

*(b)* How can biological aging be modified with the help of environmental factors? 30

4. *(a)* How do task similarity and modality influence dual-task performance? 30

*(b)* Discuss the levels of processing framework of memory and the relevant supporting research evidence. 30

2. (क) गहनता प्रत्यक्षण में एकनेत्री और द्विनेत्री अनुसंकेतनों की भूमिका पर चर्चा कीजिए। 20

(ख) आप एक ऐसे कार्यालय के अध्यक्ष हैं, जिसमें कर्मचारी आदतन देर से आते हैं और जल्दी चले जाते हैं। ऐसे कर्मचारियों के लिए एक व्यवहार परिष्करण योजना सुझाइए। 20

(ग) संक्षेप में सुझाइए कि वयोवृद्धों की तंदुरुस्ती का किस प्रकार संवर्धन किया जा सकता है। 10

(घ) अधिगम पर तुरंत और विलम्बित प्रबलन के प्रभाव पर टिप्पणी लिखिए। 10

3. (क) यदि कोई अनुसन्धानकर्ता एकल समूह पूर्व-परीक्षण–उत्तर-परीक्षण डिज़ाइन का इस्तेमाल करे, तो कारणात्मक निष्कर्ष निकालने में उसके सामने कौन-सी समस्याएँ आ सकती हैं? 30

(ख) पर्यावरणी कारकों की सहायता से जैविक काल-प्रभावन को किस प्रकार परिष्कृत किया जा सकता है? 30

4. (क) द्वैत कृत्य (टास्क) निष्पादन को कृत्य समानता और कृत्य प्रकारता (मोडैलिटी) किस प्रकार प्रभावित करते हैं? 30

(ख) स्मृति के प्रक्रमण ढाँचे के स्तरों पर और सम्बद्ध समर्थक अनुसन्धान साक्ष्य पर चर्चा कीजिए। 30

## Section—B

**5.** Answer the following, each in not more than *100* words :

*(a)* Discuss the constituents of emotional intelligence. 10

*(b)* Discuss the stages of psychosexual development according to Freud. 10

*(c)* Distinguish between IQ and deviation IQ. 10

*(d)* Explain anterograde amnesia with special reference to the classical case of HM. 10

*(e)* Discuss the role of heuristics in reasoning. 10

*(f)* What is likely to happen if a person is asked to behave in a manner contrary to the attitude the person holds? Explain on the basis of a theory. 10

**6.** *(a)* What are the 'big five' personality factors? Critically examine their conceptual basis. 30

*(b)* Khap Panchayats have been in the news recently because of their opposition to same-'gotra' marriages. What psychological constructs would explain their behaviour? 30

## खण्ड—ख

**5.** निम्नलिखित के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक *100* से अधिक शब्दों में न हो :

(क) संवेगात्मक बुद्धि के अवयवों पर चर्चा कीजिए। 10

(ख) फ्रायड के अनुसार मनःकामुकता के विकास की अवस्थाओं पर विचार कीजिए। 10

(ग) IQ और विचलन IQ के बीच विभेदन कीजिए। 10

(घ) एच० एम० के चिरसम्मत मामले के विशेष हवाले के साथ आघातोत्तर स्मृतिभ्रंश को स्पष्ट कीजिए। 10

(ङ) तर्कना में अन्वेषण विधि (ह्यूरिस्टिक्स) की भूमिका पर चर्चा कीजिए। 10

(च) यदि किसी व्यक्ति को उसकी अपनी अभिवृत्तियों के विपरीत ढंग से व्यवहार करने के लिए कहा जाय, तो क्या कुछ घटने की सम्भावना होती है? किसी थियोरी के आधार पर इसको स्पष्ट कीजिए। 10

**6.** (क) 'प्रमुख पाँच' व्यक्तित्व कारक कौन-से हैं? उनके संकल्पनात्मक आधार का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए। 30

(ख) एक ही 'गोत्र' विवाह के अपने विरोध के कारण खाप पंचायतें हाल में खबरों में बनी रही हैं। उनके व्यवहार को कौन-सी मनोवैज्ञानिक रचनाएँ स्पष्ट करेंगी? 30

7. (a) Discuss the concept of N Ach and different methods which have been used to measure it. 30

(b) Compare Chomsky's innate mechanism view with Skinner's view of language development. 30

8. (a) Critically assess Gardner's theory of multiple intelligence. 30

(b) Discuss the role of cognition in experiencing emotion in the light of experimental studies. 30

**7.** (क) N Ach की संकल्पना पर और उसका मापन करने के लिए इस्तेमाल की गई विभिन्न विधियों पर चर्चा कीजिए। 30

(ख) भाषा विकास के चोम्सकी के सहज यांत्रिकत्व दृष्टिकोण की स्किनर के दृष्टिकोण से तुलना कीजिए। 30

**8.** (क) बहुविध बुद्धि की गार्डनर की थियोरी का समालोचनापूर्वक आकलन कीजिए। 30

(ख) संवेग का अनुभव करने में संज्ञान की भूमिका पर, प्रायोगिक अध्ययनों के प्रकाश में, चर्चा कीजिए। 30

★ ★ ★

**C–DTN–K–QTA**

# मनोविज्ञान

## प्रश्न-पत्र—I

| समय : तीन घण्टे | पूर्णांक : 300 |
|---|---|

## अनुदेश

*प्रत्येक प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख उत्तर-पुस्तक के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्रवेश-पत्र पर उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं। बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

*प्रत्येक प्रश्न के लिए नियत अंक प्रश्न के अन्त में दिए गए हैं।*

**Note :** English version of the Instructions is printed on the front cover of this question paper.